वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय , जौनपुर

प्रेषक–

परीक्षा नियंत्रक,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर

पत्रांक 298/प.नि.का./2023

दिनांक : 01.03.2023

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त महाविद्यालय,
(जनपद आजमगढ़ एवं मऊ)
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषय–वार्षिक परीक्षा सत्र 2022–23 के स्नातक द्वितीय, तृतीय एवं भूतपूर्व छात्रों की परीक्षा हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि वार्षिक परीक्षा सत्र 2022–23 के स्नातक द्वितीय वर्ष, भूतपूर्व तृतीय वर्ष संस्थागत/व्यक्तिगत/भूतपूर्व छात्रों की परीक्षा माह मार्च, 2023 के तृतीय सप्ताह में करायी जानी प्रस्तावित हैं। जनपद आजमगढ़ एवं मऊ के महाविद्यालयों के परीक्षा केन्द्रों की सूची संलग्न है। जनपद जौनपुर एवं गाजीपुर हेतु पूर्व से परीक्षा केन्द्र निर्धारित हैं। परीक्षा केन्द्रों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.vbspu.ac.in पर अपलोड कर दी गयी है। यदि किसी भी महाविद्यालय को निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के सम्बन्ध में आपत्ति है तो वे दिनांक–11.03.2023 तक अधोहस्ताक्षरी के ई–मेल examcontroller18219@gmail.com पर साक्ष्य सहित आपत्ति प्रेषित कर सकते हैं।

भवदीय,

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सम्पादक दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया अपने सम्मानित समाचार पत्र में उक्त सूचना को छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. निजी सहायक कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
3. मीडिया प्रभारी, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
4. प्रभारी, वेबमास्टर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
5. प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा।

सहायक कुलसचिव
(परीक्षा)